भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Saturday, 13 October 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और रायपुर में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

छत्तीसगढ़ में 65 से अधिक सीटों पर जीत के साथ भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय निश्चित है

****

यह विधान सभा चुनाव श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों का नवा छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है, विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है

****

देश भर के पार्टी कार्यकर्ता छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की एक ऐसी प्रचंड विजय के उद्घोष की प्रतीक्षा में हैं जो पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक भाजपा की ऐतिहासिक और अविस्मरनीय जीत को सुनिश्चित करेगा

****

कांग्रेस सरकार के समय छत्तीसगढ़ का बजट 9,270 करोड़ रुपये था जबकि आज रमण सिंह सरकार में बजट लगभग 10 गुना बढ़ कर 94,775 करोड़ रुपये हो गया है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय कांग्रेस के समय के लगभग 13 हजार रुपये से बढ़ कर 92 हजाररुपये हो गई है

****

ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है जिसमें भारतीय जनता पार्टी सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ ने कांग्रेस सरकार की तुलना में कई गुना की वृद्धि न की हो

****

13वें वित्त आयोग में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महज 48,088 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी जबकि14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने राज्य के विकास के लिए 1,37,927 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो कांग्रेस से तीन गुना अधिक है

****

जनता से वोट मांगने के पहले राहुल गाँधी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी किसके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रही है? कांग्रेस पार्टी की न तो कोई विचारधारा है, न नेता है, न नीयत और न ही नेतृत्व

****

राहुल गाँधी हमारी सरकार के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं जबकि देश की 50 करोड़ गरीब जनता उनसे कांग्रेस सरकार की चार पीढ़ियों के कामकाज का हिसाब मांग रही है

****

राहुल गाँधी को स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी देश तोड़ने वाले को क्यों बचा रही है? कांग्रेस पार्टी माओवादी नक्सलियों के साथ है फिर देश की जनता के साथ?

****

कांग्रेस पार्टी को भले ही देश की सुरक्षा की चिंता न हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी और भाजपा सरकार की देशद्रोहियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रही है। हमारा स्पष्ट मानना है कि ऐसे देशद्रोही लोगों की जगह जेल की सलाखों के पीछे ही है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और रायपुर में जगदलपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि **जनता से मिल रहे अपार प्रेम और समर्थन से यह निश्चित है कि इस बार 65 सीटों पर विजय के साथ भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।**

श्री शाह ने कहा कि **यह विधान सभा चुनाव श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों का नवा छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है, विकसितऔर समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है।** उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता समृद्ध छत्तीसगढ़ के प्रति कटिबद्ध श्री रमण सिंह जी के नेतृत्व में लगातार चौथी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए कमर कस चुके हैं। उन्होंने कहा कि **देश में एक के बाद एक चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व विजय के महानायक पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं।** उन्होंने कहा कि हमारे हजारों-लाखों नाम-अनाम पार्टी कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और बलिदान का ही परिणाम है कि 10 सदस्यों से शुरू हुई पार्टी आज 11 करोड़ सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके लगभग 1700 से अधिक विधायक हैं, 330 से अधिक सांसद हैं, 19 राज्यों में सरकारें हैं, केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार है और जिसे देश के 70% भू-भाग पर जनता की सेवा का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह वैभव कार्यकर्ताओं के बलिदान और त्याग के बिना संभव नहीं था।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आज भी हजारों कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक आदि राज्यों में अपने प्राणों की आहुति देकर भी पार्टी को सींचने का काम कर रहे हैं।** उन्होंने कहा कि **जब तक पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भाजपा की सरकार नहीं बन जाती, तब तक हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को चैन से बैठने का अधिकार नहीं है।** उन्होंने कहा कि **देश भर के पार्टी कार्यकर्ता छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की एक ऐसी प्रचंड विजय के उद्घोष की प्रतीक्षा में हैं जो पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक भाजपा की ऐतिहासिक और अविस्मरनीय जीत को सुनिश्चित करेगा।** उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप इस बार 65 से अधिक सीटों पर विजय के साथ इतने भारी बहुमत से श्री रमण सिंह सरकार को लगातार चौथी बार जनता की सेवा का मौक़ा दें कि यहीं से 2019 में श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का रास्ता साफ़ हो जाए।

राज्य की जनता को भाजपा सरकार बनने से पहले छत्तीसगढ़ की स्थिति की याद दिलाते हुए श्री शाह ने कहा कि जब राज्य में कांग्रेस की अजित जोगी सरकार थी तब छत्तीसगढ़ में न तो बिजली थी, न पानी थी, न सड़क थी और न ही स्वास्थ्य की सुविधाएं ही थीं। उस वक्त नक्सलवाद को राज्य में फलने-फूलने दिया गया और भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया गया। ऐसी विषम परिस्थिति में छत्तीसगढ़ की जनता ने शरीर की बीमारी दूर करने वाले एक डॉक्टर डॉ रमण सिंह जी को राज्य की बीमारी दूर करने की जिम्मेदारी सौंपने का काम किया। उन्होंने कहा कि उसके बाद से छत्तीसगढ़ में बुनियादी सुविधाओं में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ। हर गाँव में बिजली, सड़क, स्कूल और पीने योग्य पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, हर अंचल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है और सबसे बड़ा कार्य नक्सलवाद की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने का किया गया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ का बजट केवल 9,270 करोड़ रुपये था जबकि रमण सिंह सरकार ने राज्य का बजट लगभग 10 गुना बढ़ा कर 94,775 करोड़ रुपये किया है।** कांग्रेस के समय राज्य की जीएसडीपी

लगभग 38,000 करोड़ रुपये थी जबकि वर्तमान में यह बढ़ कर लगभग 2,91,000 करोड़ रुपये हो गई है। **कांग्रेस शासन के समय राज्य की प्रति व्यक्ति आय जहां केवल 13 हजार रुपये था, वहीं आज यह बढ़ कर लगभग 92 हजार रुपये हो गई है। कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ में केवल 4,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता था जबकि आज राज्य में 22,000 मेगावाट से अधिक विद्युत् उत्पादन हो रहा है।** खाद्यान्न और फलों के उत्पादन में भी काफी वृद्धि हुई है। मत्स्य उत्पादन 1 लाख टन से बढ़ कर 3.75 लाख टन हो गया है। उन्होंने कहा कि **ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है जिसमें भारतीय जनता पार्टी सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ ने कांग्रेस सरकार की तुलना में कई गुना की वृद्धि न की हो।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी हमारी सरकार के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं जबकि देश की 50 करोड़ गरीब जनता राहुल गाँधी से कांग्रेस सरकार की चार पीढ़ियों के कामकाज का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हर संभव कदम उठाये हैं चाहे वह आदिवासियों के कल्याण के लिए हो, तेंदुपत्ता कर्मियों के कल्याण के लिए हो, गरीब नागरिकों के जीवन में उत्थान की योजनायें हो या फिर राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति देने की योजना। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार सालों में 31 करोड़ से अधिक लोगों के जन-धन खाते खोले, साढ़े 5 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए, साढ़े सात करोड़ से अधिक करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया, दो करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई, 18 करोड़ छोटे गरीब बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया एवं दो करोड़ घरों का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि **हमने आजादी के 70 सालों तक किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशवासियों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए 'आयुष्मान भारत' योजना लेकर आये हैं जिसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की मुफ्त बीमा प्रदान की जायेगी।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **13वें वित्त आयोग में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महज 48,088 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने राज्य के विकास के लिए लगभग 1,37,927 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो यूपीए सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक है।** इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को अलग से लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की राशि दी गई है। खदानों से होने वाली आय से भी छत्तीसगढ़ के 1,15,000 करोड़ रुपये अलग से मिले हैं।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश के बहादुर जवानों के अदम्य साहस के बल पर दुश्मन के घर में घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक करके प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को पूरी दुनिया में एक अलग सम्मान दिलाया है लेकिन राहुल गाँधी सेना की बहादुरी को खून की दलाली की संज्ञा देते हैं, यही कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाने के लिए काफी है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **जनता से वोट मांगने के पहले राहुल गाँधी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी किसके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रही है?** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी की न तो कोई विचारधारा है, न नेता है, न नीयत और न ही नेतृत्व।**

अर्बन नक्सलियों की गिरफ्तारी पर बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी को स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी देश तोड़ने वाले को क्यों बचा रही है? कांग्रेस पार्टी माओवादी नक्सलियों के साथ है फिर देश की जनता के साथ?** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी को भले ही देश की सुरक्षा की चिंता न हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी और भाजपा सरकार की हमेशा से देशद्रोहियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रही है और हमारा स्पष्ट मानना है कि ऐसे देशद्रोही लोगों की जगह जेल की सलाखों के पीछे ही है।**

एनआरसी के मुद्दे पर कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश की जनता घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर करने के पक्ष में है लेकिन राहुल गाँधी एंड कंपनी घुसपैठियों के पक्ष में खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी को घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता तो है लेकिन देश के नागरिकों के मानवाधिकार की चिंता नहीं है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी को छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में वोट मांगने से पहले स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें घुसपैठियों की चिंता है या देशवासियों की।**उन्होंने कहा कि **2019 में केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में फिर से सरकार आने के बाद देश में एक भी घुसपैठिये को नहीं रहने दिया जाएगा, यह भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी को छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने का दिवास्वप्न आ रहा है लेकिन 2014 से लेकर आज तक देश में हुए लगभग सभी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई और कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी का यही हश्र होने वाला है।**